दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 20/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के बाद हवाई और स्वास्थ्य समेत वैश्विक सेवाएं धीरे–धीरे पटरी पर लौट रही हैं। भारतीय वित्तीय और भुगतान प्रणालियां काफी हद तक इससे अप्रभावित रही।

02. राज्य सरकार ने प्रदेश की पहली फिल्म प्रचार नीति को स्वीकृति प्रदान की। क्षेत्रीय फिल्मों के निर्माण के लिए मिलेगा चार करोड़ रुपये तक का वित्तीय अनुदान।

03. प्रर्वतन निदेशालय ने निर्माण क्षेत्र की कंपनी एसपी सिंगला के पटना, दिल्ली और हरियाणा में सात ठिकानों पर छापेमारी की। रालोजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील सिन्हा से भी लम्बी पूछताछ।

04. और, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

---

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में कल बड़े स्तर पर हुई गड़बड़ी के बाद दुनिया भर में हवाई और स्वास्थ्य समेत कई वैश्विक सेवाएं अब धीरे–धीरे पटरी पर लौट रही हैं। विश्व में लाखों लोग इस गड़बड़ी से प्रभावित हुये थे। अमरीकी साइबर सुरक्षा कम्पनी क्राउड स्ट्राइक ने सॉफ्टवेयर अपडेट किया था। इस सॉफ्टवेयर में खामी आने के बाद माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम पर असर पड़ा। इससे दुनिया भर में बैंकिंग सेवा, अस्पतालों और हवाई संचालन पर बुरी तरह असर पड़ा। हालांकि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं के बंद होने के प्रभाव से भारतीय वित्तीय और भुगतान प्रणालियाँ काफी हद तक सुरक्षित रहीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि उसने अपनी विनियमित संस्थाओं पर माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं के बंद होने के प्रभाव का आकलन किया है, जिससे पता चला है कि मात्र दस बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय निगम– एन.बी.एफ.सी. में मामूली व्यवधान आए, जिन्हें आसानी से हल कर लिया गया। इधर, अमरीकी साइबर सुरक्षा कम्पनी क्राउड स्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस गड़बड़ी के लिए माफी मांगी है और कहा कि इस गड़बड़ी को दूर कर लिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि सभी सिस्टम को सुचारू रूप से काम करने में थोड़ा समय लगेगा।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश की पहली फिल्म प्रचार नीति को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के

प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसका उद्देश्य फिल्म निर्माताओं और सिनेमा प्रेमियों को पूर्ण संस्थागत सहयोग प्रदान करना है। इस नीति के अनुसार, बिहार की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली क्षेत्रीय फिल्मों के निर्माण के लिए चार करोड़ रुपये तक का वित्तीय अनुदान प्रदान किया जाएगा।

---बाईट---

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि पंचायतों में अब पन्द्रह लाख रूपये से कम की योजना का भी टेंडर होगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने पंचायत निर्माण कार्य मैनुअल की नयी योजना पर सहमति दी है।

---बाईट---

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि अब मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत शहरों में आधारभूत संरचना का विकास होगा। अब इस योजना के तहत शहरों में सड़क, नाला, पार्क निर्माण, तालाबों–घाटों का सौंदर्यीकरण तथा बुनियादी सुविधाओं का निर्माण होगा। कैबिनेट ने राज्य के सभी अड़तीस जिलों में जिला परिषद की जमीन को लीज पर देने के लिए नई नीति को भी स्वीकृति प्रदान की। इसे बिहार जिला परिषद भू–सम्पदा लीज नीति, दो हजार चौबीस का नाम दिया गया है। इसके तहत तीस से पचास साल यानी लंबी अवधि की लीज के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेनी होगी।

---

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राज्य में डेढ़ करोड़ जीविका दीदियों को वस्त्र उद्योग से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार बिहार को वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में बड़ा हब बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

---बाईट---

श्री सिंह ने बताया कि बेगूसराय को राज्य के तीसरे टेक्सटाईल कलस्टर के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही यहां नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि गया, भागलपुर, नालंदा, नवादा और पटना में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट केंद्र खोले जायेंगे। श्री सिंह ने बताया कि राज्य में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बाईस उद्यमियों ने निवेश में अभिरूचि दिखायी है।

---

बिहार में कंपनियों को रोजगार सृजन अनुदान मिलेगा। उद्योग विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग द्वारा निर्धारित अनुदान प्रक्रिया के अनुसार उन्हीं कम्पनियों को अनुदान मिलेगा जो बिहार के लोगों को कर्मचारी के रूप में रखेंगे।

अनुदान का लाभ स्थायी कर्मचारी रखने पर ही मिलेगा। जिन इकाइयों का निवेश प्रस्ताव राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की ओर से अनुमोदित है, उन्हीं को लाभ दिया जाएगा।

---

प्रर्वतन निदेशालय, ईडी ने निर्माण क्षेत्र की कंपनी एसपी सिंगला के पटना समेत तीन अन्य शहरों में मौजूद सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। बिहार के अलावा दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के ठिकानों पर छापेमारी में इस कंपनी से लेनदेन से संबंधित कई साक्ष्य मिले थे। इसके बाद ईडी ने ये कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को कई महत्वपूर्ण कागजात मिले हैं। इस बीच, ईडी ने इस मामले में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील सिन्हा से सात घंटे लम्बी पूछताछ की है। सुनील सिन्हा को संजीव हंस का करीबी बताया जाता है।

---

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दरभंगा जिले के घनश्यामपुर थाने के जिरात गांव के मो. सितारे, छोटे लहेरी और मोहम्मद आजाद शामिल हैं। मुख्य आरोपी काजिम अंसारी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि इन सभी आरोपियों ने जीतन सहनी से ब्याज पर पैसा लिये थे। पैसे के बदले जीतन सहनी ने जमीन और मोटरसाईकिल के कागजात गिरवी रखे थे। एसएसपी ने बताया कि मृतक के आवास से संदूक बरामद किया गया है। संदूक से तेईस कागजात जब्त किये गये हैं। इनमें से दो जमीन और शेष ब्याज के लेनदेन तथा गाड़ी से संबंधित हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपराध पर काबू करने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधि व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मुस्तैदी से काम करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पुलिस विभाग में रिक्त एक लाख बाईस हजार पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा हर थाने में महिला पदाधिकारी और महिला पुलिसकर्मियों की पदस्थापना के भी निर्देश दिये।

---

विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने मॉनसून सत्र के दौरान सभी सदस्यों से सहयोग करने का अनुरोध किया है। श्री सिंह ने सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में विश्वास जताया कि सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक विचार–विमर्श होगा। गौरतलब है कि सोमवार बाईस जुलाई से विधानमंडल का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठक होंगी।

---

विधान परिषद में नेता विरोधी दल, सत्तारूढ़ दल के उप नेता, सचेतक और उप मुख्य सचेतक का मनोनयन हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहमति के बाद विधान परिषद सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नेता विरोधी दल के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का मनोनयन हुआ है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पत्र के आलोक में उन्हें नेता विरोधी दल के रूप में मनोनीत किया गया है।

---

राज्य में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर इंडी गठबंधन आज प्रतिरोध मार्च निकालेगा। इसके बाद संबंधित जिलों में जिलाधिकारियों को संयुक्त रूप से ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ गठबंधन के कार्यकर्ता मार्च निकालेंगे। इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन भी किया जायेगा।

---

मॉनसून की सक्रियता में कमी आने के बाद राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में गिरावट आने से बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों से पानी निकलने लगा है। हालांकि अभी भी ऊपरी हिस्सों में कई जगहों पर बाढ़ का पानी जमा है। इधर, सुपौल, अररिया, कटिहार और पूर्णियां जिलों में कई स्थानों पर नदियां कटाव कर रही है। बाढ़ का पानी निकलने के बाद संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है।

---

तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पहले दिन कल प्रदेशभर से आठ फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। पूर्णिया से चार, पटना से दो और मुजफ्फरपुर तथा दरभंगा से एक–एक अभ्यर्थी पकड़े गए हैं। आयोग के सचिव मो. गयासुद्दीन अंसारी ने बताया कि पकड़े गए अभ्यर्थियों पर फर्जीवाड़ा का केस दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये अभ्यर्थी पूर्व में भी नाम बदलकर परीक्षा में शामिल हुए थे।

---

बेगूसराय जिले के भवनानंदपुर गांव में बूढ़ी गंडक नदी में चार बच्चे डूब गये। इनमें से तीन के शव बरामद कर लिये गये हैं। चौथे बच्चे की तलाश जारी है।

---

बेतिया की एक अदालत ने मां–बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के ग्यारह साल पुराने एक मामले में छह दोषियों को बीस–बीस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

---

कैमूर जिले में दुर्गावती थाना क्षेत्र के छज्जुपुर गांव के पास एक कार की जांच कर रही उत्पाद विभाग की टीम को तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया। इस घटना में उत्पाद विभाग के दो एएसआई सहित चालक गंभीर रूप से हुए घायल हो गये।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने माईक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप होने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने इस खबर का शीर्षक दिया है– दुनिया का सबसे बड़ा आईटी संकट। एक अपडेट और दुनिया हैंग।

हिन्दुस्तान ने राज्यमंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बिहार में शहरों के विकास की नई योजना शुरू होगी।

प्रभात खबर लिखता है– इसरो के सत्रह वैज्ञानिक छात्रों को अंतरिक्ष का देंगे ज्ञान। उनतीस जुलाई को बीआईटी पटना में मनाया जायेगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों का अगले महीने से पदस्थापन। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– नीट पेपर लीक में फंसे छात्रों का निलंबन अभी नहीं।

आज अखबार ने लिखा है– आईएएस अधिकारी के करीबी रालोजपा नेता से पूछताछ।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के बाद हवाई और स्वास्थ्य समेत वैश्विक सेवाएं धीरे–धीरे पटरी पर लौट रही हैं। भारतीय वित्तीय और भुगतान प्रणालियां काफी हद तक इससे अप्रभावित रही।

02. राज्य सरकार ने प्रदेश की पहली फिल्म प्रचार नीति को स्वीकृति प्रदान की। क्षेत्रीय फिल्मों के निर्माण के लिए मिलेगा चार करोड़ रुपये तक का वित्तीय अनुदान।

03. प्रर्वतन निदेशालय ने निर्माण क्षेत्र की कंपनी एसपी सिंगला के पटना, दिल्ली और हरियाणा में सात ठिकानों पर छापेमारी की। रालोजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील सिन्हा से भी लम्बी पूछताछ।

04. और, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।